तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 25 मार्च 2024

12 गोवा के महान शहीद की पत्नी ने रक्तदाताओं का हौसला..



12 रामलीला मैदान में होली से पहले हुई होलिका की...



## खबर संक्षेप

### महिपाल ढांडा का किया स्वागत

**शाहबाद।** नगर के पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी के निवास स्थान पर हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री महिपाल ढांडा पहुंचे। जहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बीबी करतार कौर, भावना सेठी, राजदीप कौर, पीयूष राव, मुलख राज गुमबर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गृह कलेश में यूपी निवासी ने जान दी

**पानीपत।** पानीपत के कृष्णपुरा निवासी नसीम मूल निवासी सीतापुर, उत्तर प्रदेश ने अपने कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली।
वही नसीम के भाई शकील ने दावा किया कि नसीम ने घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की है।
नसीम ने करीब दस साल पहले प्रवीण बानो मूल निवासी पश्चिमी बंगाल के साथ लव मैरिज की थी। इसके बाद दोनों के तीन बच्चे हुए और इनके बीच झगडा होने लगा। इधर, प्रवीण बानो रूठ कर अपने मायके चली गई और खुशामद करने के बाद भी नहीं आई, इससे परेशान होकर नसीम ने आत्महत्या की है।

### सड़क क्रॉस करते वक्त हादसे में युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में गांव बिंझौल के पास पानी की बोतल लेने जा रहे जमील खान निवासी गांव जाडौली जिला अलवर, राजस्थान को सड़क क्रॉस करते वक्त तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में जमील गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे अस्पताल ले जाया गया जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शरीफ खां की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि पोस्टमार्टम के बाद जमील का शव उसके चाचा शरीफ खां को सौंप दिया।

### स्नेचिंग के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने टोल प्लाजा पर बस के इंतजार में खड़ी युवती से स्नेचिंग करने वाले आरोपी कविस निवासी शहादरा, दिल्ली गिरफ्तार कर लिया है। थानेदार विलासाराम ने बताया कि इस मामले में नेहा पुत्री सुरेश निवासी कृष्णपुरा, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पानीपत में टोल पर युवक से नकदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत में टोल प्लाजा पर शातिर ठगों ने रोहताश निवासी गांव डुमियाना जिला पानीपत से 18300 रूपये की ठगी कर ली। वही, रोहताश की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना ने अज्ञात लोगों पर ठगी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# होलिका पर महिलाओं ने धागा बांधकर व पूजा अर्चना कर मांगी परिवार की खुशहाली की मंगलकामना

## महिलाएं मन्नत पूरी होने के बाद ढोल धमाकों के साथ होलिका पूजन करने के लिए पहुंची

अधिकांश स्थानों पर शुभ मुहूर्त से पहले ही शाम को होलिका का दहन कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

होलिका का पर्व रविवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने विधि विधान के साथ होलिका को धागा बांधकर पूजा अर्चना की। दिन भर होली पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। इसके बाद शाम को पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया। हालांकि पंडितों ने होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 13 मिनट से लेकर रात 12 बजकर 27 मिनट तक बताया गया था। मगर अधिकांश स्थानों पर शुभ मुहूर्त से पहले ही शाम को होलिका का दहन कर दिया गया। सुबह होते ही महिलाएं टोलियां बनाकर शहर के विभिन्न चौराहों पर बनी होलिका पर पहुंचनी शुरू हो गई थी। इस दौरान महिलाओं ने होलिका पर धागा बांधा और माथा टेक कर बच्चों तथा अपने परिजनों की लंबी आयु की मन्नतें मांगी। कई महिलाएं अपने रिश्तेदारों के साथ मन्नत पूरी होने के बाद ढोल धमाकों के साथ होलिका पूजन के लिए पूजा करने के लिए पहुंची। इस दौरान कुछ महिलाएं ऐसी भी थी कि जो मन में पुत्र की कामना लिए होलिका पूजा के लिए पहुंची। पूजा के बाद उन्होंने एक दूसरे को तिलक लगा कर एक दूसरे को होली की शुभकॉमनाएं दी।



यमुनानगर में जगाधरी मार्ग पर बनाई गई होलिका पर धागा बांधकर मन्नत मांगती महिलाएं।

### मन की मुरादों को लेकर रखते हैं उपवास

होलिका स्थल पर पूजा पाठ करा रहे पं. लछमन व पं. डिंपल शर्मा का कहना है कि होलिका पर्व के दिन सच्चे मन से पूजा करने पर मन की मुराद पूरी होती है। उन्होंने बताया कि महिलाएं मन की मुरादों के लिए होली पर्व के मौके पर व्रत रखती हैं और परिवार की मंगल कामना के लिए पूजा अर्चना करती हैं। होलिका के दहन का शुभ मुहूर्त पंडितों द्वारा रविवार को रात 11 बजकर 13 मिनट से अर्धरात्रि 12 बजकर 27 मिनट के बीच बताया गया था। मगर जिले में अधिकांश स्थानों पर शाम को भद्राकाल समाप्त होने से पहले ही होलिका दहन पूजा पाठ करके कर दिया गया।

### इन स्थानों पर हुआ होलिका पूजन

होलिका पूजन मुख्य रुप से शहर के रेलवे स्टेशन चौंक, माडल टाउन चौक, विश्वकर्मा चौक, तीर्थ नगर , आईटीआई चौक, कमानी चौक, हमदी चौक, मूंडा माजरा चौंक, बैंक कालोनी, मेन बाजार, जगाधरी के मटका चौंक, राजा चौंक, सब्जी मंडी चौंक, देवी भवन चौंक, अग्रेसन चौंक के अलावा साढ़ौरा, बिलासपुर, प्रताप नगर, मुस्तफाबाद, छछरौली व रादौर समेत ग्रामीण इलाकों में विधि विधान केसाथ किया गया।
खास बात यह रही कि शहर की सलम बस्तियों, वृद्धाश्रमों व कुष्ट आश्रम में भी होलिका पूजन किया गया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंबाला के टंगैल गांव निवासी नीरज के रूप में हुई है। अंबाला के टंगैल गांव निवासी गोपाल दास ने शहर ज गाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई नीरज गोविंदपुरी में अपनी बहन पिंकी के ससुराल में आया था। यहां बहन व ससुराल वालों से मिलने के बाद वह बाइक पर वापस घर लौट रहा था। देर रात जब वह जगाधरी बस स्टैंड के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।





## अंबाला पुलिस ने दो आरोपी को बाइक समेत किया काबू

**अंबाला।** थाना पडाव क्षेत्र में चोरी के मामले में आरोपी रामचंद्र व इमरान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मछौंडा के सलिंद्र सिंह ने 23 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी क्ति ने उसके घर के बाहर उसकी बाइक चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**धमकी देने के मामले में आरोपी काबू:** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी धीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता महिला ने 21 मार्च को शिकायत दी थी कि आरोपी धीरज कुमार ने उसके साथ मारपीट की थी।

### गाली गलौच करने वाला गिरफ्तार

अंबाला। थाना बलदेव नगर मे दर्ज गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार किया गया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है।

## होली पर्व पर हुड़दंग मचाने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

होली पर्व पर हुडदंग मचाने वाले लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। इसके लिए शहर के चौकों पर पुलिस बल भी तैनात रहेगा। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिलेवासियों को सोमवार को रंगों का त्योहार सौहार्द से मनाए जाने के लिए आहवान किया। वहीं, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने लोगों को आह्वान किया कि होली के पर्व पर हुल्लड़बाजी एवं हुड़दंगबाजी न करें और प्रेम भावना से इस रंगों भरे त्योहार को उंमगों से मनाएं। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने जिला वासियों को होली के पवित्र त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि होली उमंगो व रंगों का त्यौहार है जो आपस में सौहार्द और प्रेम भावना को बढ़ाता है। उन्होंने जिला वासियों का आह्वान किया है कि वे होली के त्योहार को पूर्ण सादगी और प्रेम भावना से मनाएं व होली का त्यौहार सभी के जीवन में नई खुशियां लेकर आए। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सभी मतभेद भूला कर मनाना चाहिए। क्योंकि यह त्यौहार भाईचारे का संदेश देता है।

■ होली का त्यौहार सभी मतभेद भूला कर मनाना चाहिए





## पत्नी ने सहेली व प्रेमी के सहयोग से पति का किया कत्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बिहार के जिला मोतिहारी के गांव बारावुर्क निवासी 40 वर्षीय अजय की हत्या उसकी पत्नी कोमल ने सहेली सोनम व प्रेमी अमित के साथ मिलकर की। अजय के सिर पर रॉड व शरीर पर चाकूओं से वार कर उसकी हत्या की गई थी। आरोपियों ने हत्या कर शव को चौधरी देवी लाल कॉलेज के सामने सफेदे के खेत में फेंक दिया और शव में आग लगा दी। मगर शव पूरा नहीं जला। जिससे उसकी शिनाख्त हो पाई। पुलिस ने आरोपी कोमल व सोनम को गिरफ्तार कर लिया। मामले में फरार अमित की तलाश जारी है।

■ पुलिस ने मृतक की पत्नी व उसकी सहेली को किया गिरफ्तार, प्रेमी फरार

शहर जगाधरी थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी कोमल ने बताया कि उसने अजय के साथ प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद वह दोनों भागकर यहां यमुनानगर आ गए थे। अजय यहीं पर फैक्ट्री में कार्य करने लगा। इस शादी से उनके पास दो बच्चे हैं। कोमल ने बताया कि वह गोल्डनपुरी में अपनी सहेली सोनम के साथ रहने लगी। लगभग डेढ वर्ष पहले अजय यहां से बिहार चला गया था। उसने वहीं पर किसी अन्य युवती से शादी कर ली। इस बीच उसका अमित से प्रेम प्रसंग हो गया और उन दोनों में संबंध बन गए। जिससे उसने भी अजय से दूर रहने का निर्णय ले लिया लेकिन इस बीच अजय दोबारा उसके पास आ गया और उसे अपने साथ बिहार लेकर जाने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर वह बच्चों को जबरदस्ती लेकर जाने की धमकी देने लगा। कोमल ने बताया कि उसे डर था कि अजय यहां रहा तो उसके अवैध संबंधों में भी बाधा बनेगा। जिस पर उसने अपनी सहेली सोनम व अमित को इस बारे में बताया तो उन्होंने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। 20 मार्च की रात को योजना के तहत उन्होंने अजय की हत्या कर दी। इसके बाद शव को ई रिक्शा में डालकर चौधरी देवी लाल कॉलेज के सामने सफेदे के खेतों में फेंक दिया। यहां पर आरोपियों ने उसके शव को आग लगा दी।



यमुनानगर की जागधरी पुलिस द्वारा पकड़ी गई आरोपी महिलाएं।

### 21 मार्च को मिला था शव

मॉडल टाउन निवासी विकास के जगाधरी सिटी थाना क्षेत्र में चौधरी देवी लाल कालेज के सामने खेत है। उनके चौकीदार राकेश ने 21 मार्च की दोपहर खाली मैदान में शव पड़ा देखा। मृतक की गर्दन आधी कटी हुई थी। पेट पर भी ब्लेड से निशान बने हुए थे। शव को कपड़े में बांधा हुआ था। जिससे वह देखने में पुतला लग रहा था। बाद में जब चौकीदार ने नजदीक जाकर देखा तो पता लगा। शव को जलाकर पहचान मिटाने का प्रयास किया गया लेकिन शव पूरी तरह से नहीं जल सका। मृतक की बाजू पर कोमल व अजय कुमार लिखा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी व काल डिटेल खंगाली। जिससे मृतक की शिनाख्त अजय कुमार के रूप में हुई थी। इसके बाद पुलिस ने तफ्तीश शुरू की और सीसीटीवी खंगाले। जिसमें सोनम की ई रिक्शा दिखी। इसके बाद ही पुलिस हत्यारोपितों तक पहुंची।





## शिविर

### माता बाला सुन्दरी मंदिर हथीरा में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित

# रीढ़ की हड्डी के रोगों से बुजुर्ग ही नहीं बल्कि युवा भी तेजी से हो रहे शिकार : डॉ जैन

शिविर में सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीसपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के द्वारा माता बाला सुन्दरी मंदिर गांव हथीरा में आयोजित निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। प.सत्यवान शर्मा पुजारी ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूचि जैन, डॉ संजय शर्मा एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस, डॉ शालू का स्वागत किया। कैंप में 217 मरीजों का निशुल्क चैक अप, परामर्श, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल,हीमोग्लोबिन, पल्स रेट व ब्लड प्रेशर इत्यादि चेक किए गए। सभी रोगियों को फ्री में दवाइयां भी बांटी गई। शिविर में नीट के सीनियर डॉ एस एम गुप्ता, डॉ संगीता गुप्ता, रोशन लाल एडवोकेट, ओम प्रकाश, सुभाष चंद, राजेश, टेक चंद, रणधीर,राजेश,,अंजू, महक,बबिता लैब, ऋषभ देशवाल, वंश सैनी, रुपिका रजनी, प्रवीण,कुलदीप एम्बुलेंस ने सराहनीय योगदान दिया। डॉ हिमांशु जैन, ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन ने कहा कि भारत के करीब 60 परसेंट लोगों को स्पाइन से जुड़ी कोई न कोई तकलीफ है और इनमें आईटी प्रोफेक्शनल्स की तादात सबसे ज्यादा है। रीढ़ की हड्डी संबंधी समस्याओं से बुजुर्ग ही नहीं बल्कि 20 साल की उम्र का युवा भी तेजी से शिकार हो रहे हैं। अधिकतर लोगों को सर्वाइकल, साइटिका जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रीढ़ की हड्डी में विकार आने पर गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं, मांसपेशियाँ कमजोर या लकवाग्रस्त होती हैं, संवेदना असामान्य या समाप्त हो जाती है, और ब्लैडर तथा पेट के कार्य को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है। इस व्याधि का प्रमुख लक्षण कमर में दर्द होना है। कमर में लचक का आना,झुकने में, वजन उठाने में, उठकर खड़े होने या उठने-बैठने में, यहाँ तक कि करवट बदलने में भी दर्द होता है। सायटिका का होना जिसमें किसी भी एक पैर में कूल्हे से एड़ी तक, पीछे की तरफ एक ही नस में दर्द होना, पाँव में झुनझुनी होना, लेटने से आराम होना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं। कमर दर्द के वैसे तो कई कारण होते हैं, लेकिन अधिकतर यह एल-4 या एल-5 डिस्क के अपने स्थान से हट जाने के कारण होता है। मोटापा, अति घोर परिश्रम करना, दूषित आहार करना, कमर या कूल्हे पर चोट लगना। खून के बहाव में रुकावट और टूटी हुई हड्डी या ट्यूमर की वजह से नस का दब जाना शामिल हैं। ज्यादा सवारी करना, शरीर में कैल्शियम की कमी होने पर भी दर्द होता है। रीढ़ की हड्डी, डिस्क और पीठ का बहुत गहरा संबंध है।





कुरुक्षेत्र। मरीज का चेकअप करते डा. हिमांशु जैन।



## खबर संक्षेप



### सर्व मनोकामना सिद्धि हवन-यज्ञ किया

**करनाल।** रविवार को सूर्य मंदिर में सर्व मनोकामना सिद्धि हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में राम सेवक यादव ने परिवार सहित शिरकत की। भगवान सूर्य से सबके जीवन में खुशियां भरने की कामना की गई। शाम को मंदिर के बाहर पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया। इस मौके पर प्रधान सुरेश कुमार यादव ने सभी को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी त्यौहार हमें मिलजुल कर मनाने चाहिएं। इससे भाईचारा कायम रहता है।

### हमला कर युवक को घायल किया

**जींद।** राजकीय पीजी कॉलेज में पढ़ाई करने वाले युवक को डीआरडीए मार्केट में ले जाकर लाठीए डंडे व तेजधार हथियार से वार कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में किनाना निवासी राहुल ने बताया कि वह पीजी कॉलेज में पढ़ाई करता है। उसको बराड़खेड़ा निवासी शिव कॉलेज से बाहर डीआरडीए की मार्केट में साजिशन ले गया।

### धमकी देने के आरोप में एक नामजद

**कैथल।** चीका पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर दो युवतियों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में एक गांव के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव बाओपुर के वीरू शर्मा ने उसकी लड़की व भतीजी को आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया।

### दो स्थानों पर टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर ताले तोड़ कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दरौलीखेड़ा निवासी नीरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसएचओ

**पूंडरी।** थाना प्रभारी राजकुमार ने कहा कि होली-फाग रंगों का अनूठा भारतीय त्यौहार है जो एकता और भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि होली-फाग का त्यौहार लोगों के जीवन में रंग भरने के साथ-साथ सभी को समाज में सदभाव से रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि त्यौहार की आड़ में उपद्रव जैसी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वो के साथ कोई रियायत न बरतते हुए कड़ाई के साथ निपटा जाएगा। इस त्यौहार पर बडी संख्या में शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना के मामले सामने आते रहे हैं।

### कैमिकलयुक्त रंग से बिगड़ सकती है सेहत

**कैथल।** रंगों के त्यौहार होली को लेकर नगर में दुकानों पर रंग बिरंगी पिचकारियां व गुलाल हर किसी को अपनी और आकर्षित कर रहे है। फाग को लेकर बाजारों में जगह जगह गुलाल, पिचकारी, की दुकानें सजी हुई है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार होली का प्रतीक पिचकारी भी विभिन्न आकारों में आ रही है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले कई दिनों वह खाली बैठे थे जैसे ही होली का पर्व नजदीक आया बच्चों में पिचकारी आदि खरीदने की होड़ लग गई। मार्केट में गहरे और पक्के रंग के नाम पर सिंथेटिक कलर खूब मिल रहे हैं। इन रंगों को लगाने से त्वचा पर जलन, रेडनेस की समस्या हो सकती है।

## परिषद सदस्यों ने कार्यक्रम के दौरान खेली फूलों की होली

# भारत विकास परिषद तरावड़ी की नई कार्यकारिणी ने किया दायित्व ग्रहण

- गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे सदस्यों को शपथ दिलाते कार्यक्रम अध्यक्ष संजय मदान



**तरावड़ी।** गणमान्य लोगो को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता।

भारत विकास परिषद तरावड़ी की ओर से स्थानीय लल्यानी रोड पर दायित्व ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे परिषद की संवत 2081-82 वर्ष दो साल के लिये कार्यकारिणी गठित की गई और 6 नये सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम मे श्री हंस राईस मिल के प्रदीप गुप्ता मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष संजय मदान भाविप करनाल ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के आरंभ मे शाखा सचिव राकेश हंस ने मंच से सभी आए हुए सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और पिछले वर्ष परिषद द्वारा किये कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमे मंडी मे अटल कैंटीन का संचालन, शहर मे 9 वाटर कूलर, गौशाला मे एक लाख 51 हजार की राशि, 2 बार तीर्थ यात्रा, कन्या शगुन राशि, स्कूली बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण के इलावा शहर मे सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के बारे विस्तार से जानकारी दी। नई कार्यकारिणी मे सरंक्षक बृजमोहन गर्ग, पंकज गोयल, अध्यक्ष योगेश मिड्डा, उपाध्यक्ष जतिन सिंगला, अमित आश्री, डा. संजय, सचिव राकेश हंस, सहसचिव विजय सिंगला, सौरभ गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल, महिला अध्यक्ष काजल गोयल, प्रैस सचिव राजकुमार खुराना को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके इलावा 6 नये सदस्य परिवार से जुडें है। इन सबको कार्यक्रम अध्यक्ष संजय मदान ने शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम आये मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता, संजय मदान, नपा अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता, राईस मिलर्ज प्रधान नरेश बंसल, विधायक धर्मपाल गोंदर, भाजपा नेता भगवानदास कबीरपंथी, घनश्याम दास गर्ग,मदन सचदेवा, रामसिंह नम्बरदार, सुल्तान सोल्हो,अनिल चौधरी सहित गणमान्य लोगों व पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे परिषद के सदस्यों ने फूलो की होली खेलकर कार्यक्रम को सुन्दर रूप दिया। अंत मे परिषद के प्रधान योगेश मिड्डा ने अपने कार्यकाल में की गई सेवा कार्यों में सभी सदस्यों के योगदान पर आभार व्यक्त किया व गणमान्य लोगो का आभार प्रकट करते हुये नये सदस्यों को बधाई दी। परिषद की ओर से रात्रिभोज विशेष प्रबंध किया गया था।

# फाल्गुण पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण गोशाला में किया हवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

फाल्गुण पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला में हवन यज्ञ किया गया। साथ ही गौपूजन कर गऊ माता को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर विश्व शांति और समाज में सुख समृद्धि की कामना की गई। सभी ने एक-दूसरे को होली पर्व की बधाइयां दी। गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता का जन्मदिन भी हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि फाल्गुन पूर्णिमा व्रत रखने से इंसान के जीवन की सभी परेशानियों का अंत हो जाता है। इस दिन पर पूजा-पाठ और स्नान-दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन में आ रही कई प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती हैं। जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन, वस्त्र इत्यादि का दान करने से भी विशेष लाभ प्राप्त होता है। धर्म शास्त्रों में बताया गया है की पूर्णिमा तिथि के दिन पितरों को तर्पण प्रदान करने से उनका आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता है। कार्यकारी अध्यक्ष डा. एसके गोयल ने कहा कि पूर्णिमा और अमावस्या के अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला में हवन यज्ञ किया जाता है। इस अवसर पर सुनील गुप्ता, डॉ एस के गोयल, रामकुमार गुप्ता, अरुण गुप्ता, नवदीप मित्तल, पुनीत मित्तल, घनश्याम गोयल, रामप्रताप मित्तल, प्रवीण मित्तल, गोविंद गुप्ता, ईश्वर गुप्ता, आशीष, बलबीर लाठर, जगमोहन गुप्ता, विवेक अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, रमन बंसल, विनोद गर्ग, संजय बत्रा, सुभाष गुप्ता, सचिन गर्ग, देसराज गुप्ता व संजय बंसल, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस से जुड़े रहने पर दिया बल

- सात दिवसीय िष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



राजकीय महिला महाविद्यालय, घरौंडा बसताड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर प्राचार्य डॉ.महेंद्र सिंह बागी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा से जुड़े रहने पर बल देते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तित्व के विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभागिता आवश्यक करनी चाहिए। छात्राएं इस प्रकार के सामूहिक कार्यों से बहुत कुछ सीखती हैं और अपने जीवन में भी धारण करती हैं ।उन्होंने स्वयं सेविकाओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा ने 18 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिविर का मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत रहा। जिसके अंतर्गत बसताड़ा गांव में नुक्कड़ नाटिका, जल बचाओ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं साक्षरता अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं ने गांव में जाकर महिलाओं को स्वच्छता एवं स्वस्थ आहार के विषय में भी जागरूक किया ।मंच का संचालन डॉ. विक्रम सिंह ने किया। प्राचार्य द्वारा स्वयं सेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संजीवनी और वंशिका को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर घोषित किया गया । कार्यवाहक प्राचार्या कमलेश रानी ने शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता रेणु कुमारी ,श्री पवन कुमार, डॉ.मुकेश कुमार तथा श्री सुमित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### चौहान बने ओबीसी प्रकोष्ठ हरियाणा के वाइस चेयरमैन

**करनाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव ने करनाल के एनपी सिंह चौहान को ओबीसी प्रकोष्ठ हरियाणा का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर एनपी सिंह चौहान ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, ओबीसी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता का आभार प्रकट किया है। इस मौके पर सुरेश गुप्ता ने कहा कि एनपी सिंह चौहान ने हमेशा पिछड़ा वर्ग का नेतृत्व करते हुए समाज की तरक्की में योगदान दिया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में ही पिछड़ा वर्ग का भला हो सकता है।

# स्वच्छता अभियान चलाने का लिया निर्णय

- पर्यावरण संरक्षण समिति की वार्षिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



पर्यावरण संरक्षण समिति रजि. करनाल की वार्षिक मीटिंग सेक्टर-13, आर्य समाज मन्दिर के प्रागंण में सम्पन्न हुई। समिति प्रधान ने बताया कि समिति का नववर्ष के लिए रिन्युवल करवाया जाना है जिसके लिए समिति का प्रस्ताव पास किया जाना है। सभा द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि समिति प्रधान को अधिकृत किया जाता है कि वह समिति का रिन्युवल नियमानुसार करवाएं। समिति की रिन्युवल फीस भी ऑनलाईन सोसायटी के लेखाहैड में जमा करवाई जाए। राम रतन अत्री, वरिष्ठ उपप्रधान ने बताया कि लोग पाईप लगा कर पानी से गाडिय़ां और रैम्प धोते हैं जिससे पानी की बहुत बर्बादी हो रही है। नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट के अनुसार गांवों में टयूबवैलों द्वारा ज्यादा पानी निकालने से भूजल स्तर पाताल में चला गया है जिसको रोकने के लिए खंड विकास अधिकारियों को ग्राम सरपंचों से मिलकर गांवों में सबमर्सीबल पम्प लगाने से रोकना चाहिए। हुडा अधिकारियों से अनुरोध है कि वह शहर में सुबह 8 से 9 के दौरान गाड़ी में राऊंड लगाकर पाइप से गाडिय़ां एवं रैम्प धोने वालों की चैकिंग करें और दोषियों को नोटिस जारी किए जाएं ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। पैट्रन ओ.पी. सचदेवा एवं अनिल कुमार अरोड़ा ने प्रशासन से मांग कि शुगर मिल की इस राख को रोकने का प्रबंध किया जाए। बैठक में समिति चीफ पैट्रन कंवल भसीन, प्रधान एस.डी. अरोड़ा, राम रतन अत्री, के.एल. नारंग, ओ.पी. सचदेवा पैट्रन, अनिल अरोड़ा, अर्जुन देव वर्मा, एच.डी. कथूरिया, बाबु राम शर्मा, संजय शर्मा, डॉ. पुष्पा सिन्हा, शशी आर्या, ईश्वर छाबड़ा, सरोज कथूरिया आदि उपस्थित रहे।

# जाट महासभा ने तीन की सदस्यता समाप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जाट महासभा की आम सभा की मीटिंग रविवार को जाट भवन सेक्टर 12 में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के प्रधान भूपिंद्र लाठर (भुप्पी) ने की। बैठक में कोलेजियम के लगभग 200 सदस्य तथा सभा के 100 आम सदस्य मौजूद रहे।

महासभा को आर्थिक रूप से मजबूत करने पर सदस्यों ने कार्यकारिणी की सराहना की। जाट भवन में सभागार को सर्वश्रेष्ठ बनाने की सभी ने प्रशंसा की। भवन के हाल को वातानुकूलित बनाने व रसोई घर का नवीनीकरण करने को लेकर विचार विमर्श हुआ। मीटिंग में बहुमत से प्रस्ताव पारित कर शमशेर सिंह, पाल सिंह संधु तथा नफे सिंह संधु की महासभा की आजीवन सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लिया गया। इन तीनों सदस्यों पर जाट महासभा के खिलाफ गतिविधियां आयोजित करने तथा अनुशासनहीनता के आरोप सही पाए गए थे।

इस मौके पर प्रधान भूपिंद्र लाठर (भुप्पी) ने कहा कि जाट महासभा करनाल को हरियाणा की सर्वश्रेष्ठ सभा बनाया जाएगा।

इसके लिए वह सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलजुल कर महासभा को और मजबूत करना है।

### सोनू रंगा दोबारा बने समिति के प्रधान

**घरौंडा।** गुरु रविदास मन्दिर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा समीति की एक्र बैठक का आयोजन किया। बैठक पूर्व प्रधान चन्द्रभान सुलेख की अध्यक्षता में हुईं। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व प्रधान सोनू रगां को दोबारा प्रधान बनाया। बाद प्रधान सोनू रगां ने अपनी कमेटी का गठन किया। इसमें उपप्रधान रवि फूले, संरक्षक संजीव सागर, प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष चन्द्रभान सुलेख , सचिव मास्टर ईश्वर सिहँ ग्रोवर, सह सचीव संदीप सैण्डी, कोष्याध्यक्ष सन्नी सरोहा,सह कोष्याध्यक्ष डॉ.नवीन सुलेख, कोडिनेटर राहूल फूले, प्रेस सचीव नवीन फूले, सलहाकार प्रदीप सुलेख को चुना गया। गुरु रविदास मन्दिर के मुख्य सेवादार अजाद सिहँ नेनवनियुक्त प्रधान सोनू रगां की पूरी टीम को बधाई दी।

# नाच-गाकर मनाया रंगों का त्योहार

- अल्फा सिटी में होली के जश्न में डूबे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अल्फा सिटी में रंगों के त्योहार होली को मनाने के लिए लोग एक साथ आए तो माहौल जीवंत रंगों के कैनवास में बदल गया।

होली का उत्सव सोसायटी परिसर में दोपहर को शुरू हुआ, और सभी उम्र के निवासियों के लिए उल्लास, संगीत और जैविक रंगों से सराबोर हुए। समुदाय की मजबूत भावना को बढ़ावा देने के लिए अल्फा सिटी करनाल ने वास्तव में एक समावेशी कार्यक्रम आयोजित किया। जैसे ही उल्लासपूर्ण भीड़ होली के उत्सव में भाग लेने के लिए एकत्र हुई, एकता और सौहार्द की भावना पनपी, जिसमें होली का सार इस कार्यक्रम में बड़ो और बच्चों के लिए बनाई गई अविस्मरणीय गतिविधियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। युवाओं ने रोमांचकारी खेल, लाइव संगीत का आनंद उठाया और यहां तक कि मौजूद सभी बच्चो ने मैजिशियन व टैटू आर्टिस्ट की कला का अनुभव किया। पर्यावरण को बचने और समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए, उत्सव पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल जैविक गुलाल के साथ आयोजित किया गया, जिससे आयोजकों ने सभी के लिए एक आनंददायक अनुभव सुनिश्चित किया ।

निवासियों ने लाइव डीजे की थिरकती धुनों का आनंद लिया, अपनी पसंदीदा धुनों पर नृत्य किया और कार्यक्रम में मस्ती की एक और परत जोड़ दी। इसके अतिरिक्त, उत्सव की भावना को और बढ़ाने के लिए ऑर्गेनिक गुलाल के रूप में पार्टी उपहार वितरित किए गए।

### मून स्टार पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**घरौंडा।** मून स्टार पब्लिक स्कूल घरौंडा ने अपना वार्षिकोत्सव समारोह शहीद ए आजम भगत सिंह को समर्पित किया।

मेरा रंग दे बंसती चोला मिक्स्ड सोंग के जरिये स्कूली छात्रों ने भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव और महान क्रांतिकारियों के बलिदानों की मार्मिक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही शिव तांडव ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। नन्हें मुन्नों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य, नवचेतना मंच के चेयरपर्सन एवं फिल्म मेकर एसपी चौहान, पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के चीफ केमिस्ट कुंवर अमित सिंह और डीपीआरओ मनोज कौशिक ने छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

## दिव्यता के साथ मनाया शहीदी दिवस समारोह

# आर्य समाज में 11 कुंडीय यज्ञ किया

- मुकेश शास्त्री के भजनों ने जन समूह का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




आर्य समाज प्रेम नगर करनाल में शहीदी दिवस समारोह भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद की 200 जयंती के उपलक्ष में आज भारत की 20000 आर्य समाज में यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है उसी क्रम में आज आर्य समाज प्रेम नगर में 11 कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह यज्ञ आर्य समाज के युवा विद्वान अनुज शास्त्री के ब्रह्मत्व में हुआ। मुकेश शास्त्री के भजनों ने जन समूह का मन मोह लिया। विशिष्ट अथिति करनाल नगर पालिका के सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी ने कहा कि महर्षि दयानन्दसामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक बुलंद आवाज थे। उन्होंने पाखंड खंडनी पटक को फहराकर को नारी शिक्षा एवं गुरुकुल शिक्षा की ओर मोडऩे का महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद वर्तमान काल के सबसे बड़े क्रांतिकारी समाज सुधारक रहे हैं। आर्य केंद्रीय सभा के अध्यक्ष प्रो. आनंद सिंह ने महर्षि दयानंद की स्मृति में सेक्टर 12 में बनाए जा रहे महर्षि दयानंद चॉक के बारे मे जानकारी दी और कहा कि घर-घर जाकर हवन यज्ञ करवाने का बीड़ा उठाया है। उसके चलते 475 यज्ञ करवाए जा चुके हैं। तीन दिन से चल रहे हैं इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि के रूप में नीफा संस्था के अध्यक्ष ने सरदार भगत सिंह को उन्हें आदर्श बताया। आज भी हजारों युवा भगत सिंह को आदर्श मानकर समाज और राष्ट्र की सेवा का कार्य कर रहे हैं। अनाथालय के अध्यक्ष बलदेव आर्य ने श्रद्धा सुमन नमन करते हुए आर्य समाज अनेक सामाजिक सेवा के कार्यों में संलग्न हैं इसमें करणताल स्थित श्रद्धानंद अनाथालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज भी उनका उनकी शहादत को याद करके हमारी सेवा में हजार युवक और हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं। तीन दिन के कार्यक्रम में मंच संचालन मंत्री हरेंद्र मोहन चौधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान जोगेंद्र सोनी ने सभी आर्य जनों का धन्यवाद दिया। इस अवसर आर्य केंद्रीय सभा करनाल के महामंत्री स्वतंत्र कुकरेजा, सतेंद्र मोहन कुमार, शमशेर शास्त्री, शेर सिंह, रजनीश चोपड़ा, सतीश आर्य, पुरुषोत्तम टंडन, रंजीत सोनी, नरेंद्र, बलबीर सिंह, अर्जुन चौहान, सीमा खुराना, शशि आर्य, अनु आर्य, दिव्या आर्य, सुनीता, कंचन आर्य व कंचन आर्य मौजूद रहे।

### सूखे रंगों से मनाएं होली का पर्व : सुषमा

**करनाल।** इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिसेज यूनिवर्स मोनिका आनंद को आमंत्रित किया गया। इस दौरान इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय के सभी सदस्य उपस्थित रहे। चंदन का तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया गया। वहीं क्लब की प्रधान सुषमा वर्मा ने मिसेज यूनिवर्स मोनिका को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर क्लब सभी सदस्यों ने मिलकर मिसेज यूनिवर्स मोनिका आनंद के साथ नाच गाकर होली का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। क्लब के सदस्यों ने फूलों के साथ होली खेली और क्लब की प्रधान सुषमा वर्मा ने कहा कि होली प्रेम प्यार और भाईचारे का पर्व है। होली के अवसर पर हमें आपसी भेदभाव को भुलाकर प्रेम व भाईचारे के साथ पर्व को मनाना चाहिए। सुषमा वर्मा ने संदेश देते हुए कहा कि हमें पानी व पर्यावरण के महत्व को समझते हुए होली पर पानी की बर्बादी ना करे सूखे रंगों से होली खेलने का संकल्प लेना चाहिए।

# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव मनाया और भंडारा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिबेटल ट्रस्ट रजि. तरावड़ी की तरफ से होली पर्व के उपलक्ष्य में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव एवं अमृतमय भंडारे का आयोजन अन्नपूर्णा आश्रम तरावड़ी में किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों का जनसैलाब उमड़ा। श्री श्याम फालगुन उत्सव को लेकर बाबा का सुंदर दरबार भव्य रूप से सजाया गया था। भजन संध्या के दौरान बाबा के भजनों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के आयोजन में समाजसेवी विनित बंसल, चुनीत बंसल, प्रमोद बंसल, अशोक बंसल, अमन गर्ग, विनय गर्ग, विपुल गर्ग, संजय सैन, नितेश मंगल, अंकुर गर्ग, संयोगिता गुप्ता, सुमन गर्ग, पिंकी कक्कड़, परि गर्ग समेत कई सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। अन्नपूर्णा आश्रम में सैंकड़ों श्रद्धालुओं और श्याम प्रेमियों द्वारा तालियों की गडग़ड़ाहट के बीच श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम अनूठे तरीके से मनाया गया। श्री श्याम बाबा सांवरे के भजनों पर श्री श्याम फाल्गुन उत्सव में श्याम प्रेमी खुद को झूमने से नही रोक पाए। बाबा खाटू श्याम जी का भव्य दरबार, पुष्प वर्षा देखने योग्य थी। अमृतमय भंडारे में भी जनसैलाब उमड़ा। भजन गायिका तमन्ना त्यागी, चंडीगढ़ से भजन गायक मोनू दुआ व पड़वाला से भजन गायक प्रमोद शर्मा समेत कई गायकों ने बाबा खाटू श्याम जी की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने बाबा के भजनों का समा बांधा। शहर के सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया और बाबा के भजनों पर जमकर आनंद लेते हुए और बाबा के भजनों पर नृत्य भी किया। खाटू श्याम जी का फूलों से श्रृंगार हुआ। खाटू श्याम की आरती के बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। श्याम बाबा का भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहा।

## खबर संक्षेप

### बच्ची के साथ रेप की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में चार वर्षीय बच्ची के साथ रेप का प्रयास किया गया। बच्ची अपने पिता के साथ सब्जी लेने गई थी। पिता ने उसे एक तरफ खड़ा कर दिया था। इसी दौरान आरोपी उसे वहां से दूसरी जगह ले गया। जहां उसे निर्वस्त्र कर दिया। इसके बाद उसके साथ गलत करने की कोशिश करने लगा, तभी वहां तलाशते हुए पिता पहुंच गया। जिन्हें देख आरोपी ने धमकी देते हुए फरार हो गया।

### दो महिलाएं लापता केस दर्ज किया

**पानीपत।** पानीपत शहर व गांव नंगला पार से दो विवाहिता लापता हो गई। इधर, किला थाना पुलिस को दी शिकायत में गौरव निवासी धनपत राय चक्की के पास ने बताया कि उसकी पत्नी रेखा रानी निवासी पठानो वाला मोहल्ला, न्यू सब्जी मंडी पानीपत 23 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे रेखा बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई। इधर, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में साहिल निवासी गांव नंगला पार जिला पानीपत की पत्नी रायल निवासी गांव सांघी, रोहतक है।

### इनेलो सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**पानीपत।** इनलो के जिला उपाध्यक्ष अशोक डोलिया द्वारा अंसध रोड के ज्योति नगर में आयोजित कार्यक्रम में इनलो के पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष कुलदीप राठी ने पहुंचकर बुजुर्ग व युवाओं का आशीर्वाद लिया। यहां पहुंचने पर इनलो नेता कुलदीप राठी का कालोनी वासियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कुलदीप राठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इनलो पूरी मजबूती के साथ लोकसभा की सभी दस सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### ढांडा के मंत्री बनने पर पाल समाज खुश

**पानीपत।** पाल समाज ने कैलाश पाल के नेतृत्व मे अपने सैकड़ों साथियों के साथ हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महीपाल ढांडा व उनके बड़े भाई हरपाल ढांडा को उनके मंत्री बनने पर बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर और युवाओं ने मिठाई खिला कर स्वागत किया व होली की शुभकामनाएं। इस अवसर पर पाल समाज से रणबीर पाल, मानसिंह, मेघराज, तेजपाल, प्रेम पाल, सुरेंद्र पाल, रमेश पाल, मुकेश पाल, मनोज पाल, पवन पाल, श्याम पाल, सरपंच मेहर सिंह, सोहन पाल, बृज पाल, जगदीश पंडवार, मा.सचिन पाल, अनिल पाल, अजय , प्रदीप, विक्की पाल, मोनू आदि मौजूद रहे।

### शहीदो को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** शहीदी दिवस पर पुस्तकालय किवाना में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम में गांव किवाना के सरपंच चेनपाल छोक्कर, गांधी आदर्श कॉलेज के प्रो.रोहतास, मा.राजेश आर्य, कुलदीप धीमान, मदनपाल छौक्कर, मा.आनंद के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। समिति द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई। समिति द्वारा परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सरपंच चेनपाल छौक्कर ने शहीदों को याद करते हुए सभी महानुभावों का स्वागत भी किया।

---

### सात दिवसीय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विशेष एनएसएस कैंप का समापन

# एनएसएस की आत्मा है समुदायवाद व परस्पर मदद का भाव : दिनेश

होली की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण का सन्देश देते हुए सूखे रंगों और फूलों से जमकर होली खेली।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में एनएसएस के स्वयंसेवी विद्यार्थी व टीचर्स होली खेलते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में सात दिवसीय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विशेष एनएसएस कैंप का विधिवत समापन हो गया। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागी एनएसएस कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ठ कार्य और सेवा भाव के लिए सराहा और उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर कॉलेज एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. संतोष कुमारी और प्रो मनोज कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विदित रहे कि सात दिन चले इस कैंप में राजा खेडी गांव को स्वयंसेवकों ने अपनी कर्मस्थली बनाकर वहां सामाजिक और सामुदायिक हित के कई कार्य किए जिनमे ग्राम की साफ-सफाई, कुपोषण के प्रति जागरूकता, कैशलेस अर्थव्यवस्था, महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा, बच्चों की बिमारियों से मुक्ति, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, घरेलू हिंसा से बचाव जैसे मुद्दों पर युवाओं ने बढ़-चढ़ कर काम किया। होली की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण का सन्देश देते हुए कॉलेज प्रधान और प्राचार्य से आशीर्वाद लेते हुए सूखे रंगों और फूलों से जमकर होली खेली। प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और प्राध्यापकों ने बच्चों को गुलाल लगाकर उनके प्रति अपने स्नेह का इजहार किया। गीत-संगीत की धुन पर छात्र-छात्राओं ने भी जमकर धमाल मचाया और ठुमके लगाए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मिठाइयों का लुत्फ उठाया। दिनेश गोयल ने होली की बधाई देते हुए कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन सुख, समृधि, कामयाबी और सेहत के रंगों से सरोबर हो ऐसी उनकी कामना है।

#### एनएसएस एक कल्याणकारी सोच है

एनएसएस कार्यकर्ताओ को समाज के गरीब लोगों, भेदभाव की भावना, व्यसन की आदत, शारीरिक बीमारीयो, बेरोजगारी, शैक्षिक समस्याओं, अक्षमता तथा मानसिक बीमारीयो जैसी जीवन की कठिन चुनौतियों में दूसरों की मदद का जरिया बनना चाहिए। अच्छे एनएसएस कार्यकर्ता को संकट का निवारण करना आना चाहिए और दैनिक जीवन के तनावों को अधिक प्रभावी रूप से सामना करने में व्यक्तियों तथा परिवारों को परामर्श देने में समर्थ रहना चाहिए। वही, समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि एनएसएस एक कल्याणकारी सोच है और इसके माध्यम से उपचारात्मक संबंध स्थापित कर सामाजिक कार्य किए जा सकते है। सामाजिक कार्य करने वाला व्यक्ति समाज में अपने आप विशिष्ट बन जाता है।

---



**पानीपत।** गायत्री हेल्थ केयर में यज्ञ करते हुए गुलशन बतरा, डॉ. केदार बतरा, आदि।

# मानव शरीर के लिए घातक है जंक फूडः डॉ. बतरा

- डॉ. बतरा ने होम्योपैथिक दवाइयों के लाभ बताए

हरिभूमि ▶▶| पानीपत

गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक में चौथे फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन यज्ञ के साथ हुआ। शिविर में ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की निशुल्क जांच की गई। शिविर में होम्योपैथिक डॉक्टर केदार बत्रा ने नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा और उन्हें निशुल्क दवाइयां दी। वही, डॉक्टर केदार बतरा ने होम्योपैथिक दवाइयों के लाभ बताए एवं रोगों से कैसे बचाव किया जाए इसकी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों से न्यूट्रीशन के लेने व जंक फूड नहीं खाने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से केमिकल वाले रंगों से बचने की सलाह दी एवं फूलों व इससे बने रगों से होली खेलने का आह्वान किया। इस अवसर पर गायत्री हेल्थ केयर के संयोजक व समाजसेवी गुलशन बतरा, अवनीश ठाकुर, जितेंद्र गुप्ता, पवन कपूर, शुभम नारंग, जगदीश नारंग, प्रदीप राजपूत, विजेन्द्र, चांद बरेजा, छमिंदर सिंह, ओमप्रकाश नवीन, रमेश, गायत्री बतरा, पूर्णिमा बतरा, चारु सिंह, दीप्ति गुप्ता, वीना, संदीप शर्मा, सुरेश सपरा, राजेश मुटरेजा, जगदीश नारंग, बादल, युवनीत, ईशा, आदि ने सहयोग किया।

### होली मिलन शोभायात्रा निकाली

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म संगठन के तत्वावधान में श्री कांशीगिरी मन्दिर में होली महोत्सव में ब्रह्मर्षि श्री नाथ जी महाराज, राधे राधे जी महाराज, गौरव गोस्वामी ने अपना आशीर्वाद सभी आए हुए भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा कर के दिया। फूल होली मिलन शोभायात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विजय जैन, सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया एवं विकास गोयल को पगड़ी पहनाकर व श्याम पट्टिका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यात्रा में सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, युधिष्ठिर शर्मा, वेद प्रकाश पाराशर आदि उपस्थित रहे।

---

# मेहनत से मन न चुराए विद्यार्थी : डॉ. मनीषा

- आर्य कॉलेज में स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में योग करते हुए एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थी व टीचर्स। फोटो :हरिभूमि

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विकसित भारत युवाओं की आवाज विषय पर गांव नंगालखेड़ी में लगाए जा रहे सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योगाभ्यास से हुई। स्वयंसेवकों ने प्राणायाम एवं योगासनों का अभ्यास किया। प्रातः कालीन सत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पार्क, स्टोर रूम, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स व महाविद्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में सफाई की। सभी विद्यार्थियों को 10 विभिन्न टीमों में बांटा गया और उन्होंने अलग-अलग जगह पर सफाई की। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों में आपसी सहयोग की भावना को उजागर करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे रस्साकशी, क्रिकेट, बैडमिंटन इत्यादि करवाई गईं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विवेक गुप्ता ने बताया कि सांयकालीन सत्र में विद्यार्थियों को लघु प्रेरक फिल्म दिखाई गई। इससे उन्होंने मुश्किल से मुश्किल समय में भी हिम्मत न हारने की शिक्षा प्राप्त की। डॉ. मनीषा डुडेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से आप सभी ने बारहवीं फेल फिल्म में मुख्य कलाकार को जी तोड़ मेहनत करते हुए दिखा है वैसे ही आप सभी को भी मेहनत करनी चाहिए और परिश्रम से किभी भी मन नहीं चुराना चाहिए। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा सहित समस्त एन एस एस टीम को कैंप के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# होली सद्भावना व एकता का प्रतीक

- महर्षि दयानंद पार्क सोसायटी में होली मिलन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** समाजसेवी हरपाल ढांडा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

महर्षि दयानंद पार्क, सेक्टर 25 में स्थानीय निवासियों द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति हरपाल ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि होली एकता और भाई चारे का प्रतीक है। इस दिन अपने सारे मतभेद भूला देने चाहिए। ढांडा ने कहा कि होली एक रंग बिरंगा, आनंदमय और प्रेम का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि होली पर अच्छे रंगों का ही प्रयोग करें क्योंकि बाजार में शरीर को हानि पहुंचाने वाले केमिकल युक्त रंगों की भरमार है जो कि शरीर को हानि पहुंचाते हैं। विशेषकर बच्चों को इनसे दूर रखना चाहिए। कार्यक्रम में रघुनाथ धाम की कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन किया गया। जिसमे सुमन, रानो, सरिता और अनिता गुलाटी ने भजन गाए। जबकि क्विज में मुस्कान खुरसीजा, गुंजन मल्होत्रा, आरवी चोपड़ा, दलिशा सपड़ा, आरव खट्टर, एरिक, सौमिल, डा. राजबीर आर्य, सुरेश लखीना, आदि ने प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीते। कार्यक्रम के अंत में पौधरोपण भी किया गया।

---

# संजय पार्क में सद्भावना के साथ खेली फूलों की होली

- होली पर्व को आपसी मतभेद व द्वेष मिटा कर पूरे हर्षोल्लास व सद्भावना के साथ मनाया चाहिए

हरिभूमि ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** कृष्णपुरा रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण होली खेलते हुए। फोटो :हरिभूमि

कृष्णपुरा रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से होली मिलन कार्यक्रम संजय पार्क में आयोजित हुआ। जिसमें फूलों से होली खेली गई। वहीं एसोसिएशन की तरफ से यशपाल पंवार ने कहा कि होली पर्व को आपसी मतभेद व द्वेष मिटा कर पूरे हर्षोल्लास व सद्भावना के साथ मनाया जाना चाहिए। वही, एसोसिएशन वार्ड 15 कृष्णपुरा के वेलफेयर के लिए आप सबके सहयोग से बहुत अच्छा कार्य कर रही है। कृष्णपुरा रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से कृष्णपुरा श्याम सेवा मंडल के पदाधिकारियों को उनके सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र जेसिया, डॉ राकेश बंसल, विनोद कुमार, सतीश ग्रोवर, मुकेश भारद्वाज, प्रवीण कुमार, मनीष बंसल, राजेश कादियान, राजेश जिंदल, जगदीश आहूजा, राणा मनोचा, सोमेश बजाज, सुरेश, राजेंद्र वर्मा, वेद वर्मा, अजीत सैनी, राजीव धीमान ने फूलों से होली खेली।

# फूलों से होली खेल कर दिया भाईचारे का संदेश

हरिभूमि ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के गठन पर अभिनंदन एवं होली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। वही, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा, भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा नेता विजय जैन, कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल, किन्नर समाज की गुरु हाजी साधना, पूर्व पार्षद आशु नंदा, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र अहलावत, महेंद्र कादियान, मुकेश टुटेजा, विक्रम शाह, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष दीपक राणा, पूर्व अध्यक्ष रमेश खर्ब नारा, राजपाल बंसल ने शिरकत की। वहीं सभी वक्ताओं ने कहा कि रंगों के त्यौहार होली को आपसी भाईचारे से मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस त्यौहार पर हुड़दंग बाजी से बचने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष अनिल सैनी, सौरव शर्मा, धर्मेंद्र, रवि कुमार, राहुल बंसल, श्रीनिवास सैनी, प्रदीप परे, विक्रम कालड़ा, मनोज कुमार, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल, देवेंद्र कथूरिया, राममेर कौशिक, विकास चौधरी, संजीव नैन, मुकेश टंडन, राकेश भ्याना, मोहन लाल, सतीश शर्मा, बिजेंद्र ढोंचक, आशु पांचाल, नीरज पांचाल आदि ने फूलों से होली खेली।

---

# पीडीडब्ल्यूए के जिलाध्यक्ष बने सोहन लाल बठला

- पानीपत का हर पेट्रोलियम डीलर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है और एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट

हरिभूमि ▶▶| पानीपत



सोहन लाल बठला

पेट्रोलियम डीलर वेल्फेयर एसोसिएशन, हरियाणा के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने सोहन लाल बठला को पानीपत पेट्रोलियम डीलर वेल्फेयर एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं बठला ने अपनी नियुक्ति के लिए संजीव चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि पानीपत में पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के संगठन को वे और अधिक मजबूत करेंगे। वही, पेट्रोलियम डीलरों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को जान कर उनका निराकरण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानीपत का हर पेट्रोलियम डीलर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है और एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट है।

### कार्यक्रम में पानीपत ब्रांच के लगभग 100 से ज्यादा चार्टर्ड एकाउंटेंट मौजूद रहे

# इनकम टैक्स का ईमानदारी से भुगतान करें : सीए

हरिभूमि ▶▶| पानीपत

- फूलों से होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया



**पानीपत।** चार्टर्ड एकाउंटेंट, दीप जला कर होली मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा को पानीपत शाखा के सभागार में शाखा के चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में इनकम टैक्स की धारा 43 विषय पर पानीपत के विशेषज्ञ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के द्वारा पेनल डिस्कशन का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि इस धारा का पालन न करने पर व्यापारियों को कई लाखों करोड़ों का टैक्स ज्यादा भरना पड़ेगा जिसे लेकर व्यापारी वर्ग को तरह तरह की दिक्कत आ रही है और उनमे डर का माहौल बना हुआ है। ऐसे करीबन 25 प्रश्नों को लेकर ये सामूहिक विचार विमर्श का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सभी पहलुओं पर सामूहिक चर्चा की गयी और सभी समस्याओं का निवारण किया गया। इस कार्यक्रम में पानीपत ब्रांच के लगभग 100 से ज्यादा चार्टर्ड एकाउंटेंट मौजूद रहे और सब ने बढ़ चढ़कर इस चर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम को सीए मितेश मल्होत्रा के द्वारा कोआर्डिनेट किया गया। पेनलिस्ट के तौर पर सीए प्रदीप तायल, सीए शिवम कंसल, सीए दीपिका अरोड़ा, सीए जीत रेवड़ी, सीए रिंकू अरोड़ा, सीए गौरव सतीजा, सीए नवीन ढींगरा, सीए मलिका वोहरा, सीए मुकेश टुटेजा, सीए जतिन रहेजा, सीए शिवानी सिंगला, सीए लविश तेहरी, सीए जतिन सहगल, सीए अरुण मेहता, सीए विमल गोयल और सीए चिरंजीव सोढ़ी मौजूद रहे। आज पानीपत ब्रांच में रंगा रंग होली का प्रोग्राम भी रखा गया और फूलों से होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट और मौजूद मीडिया साथियों ने मिलकर डांस किया और एक दूसरे को प्रेम का और भाईचारे का संदेश दिए। जबकि मंच का संचालन शाखा के सचिव सीए भूपेंद्र दीक्षित और सीए कुणाल कथूरिया ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव शाखा के उपप्रधान सीए सोनू गोयल ने किया। शाखा के कोषाध्यक्ष सीए रविंद्र सिंह और निकासा पानीपत के अध्यक्ष सीए अंकुर बंसल ने सभी पेनलिस्ट को होली का उपहार देकर सम्मानित किया।

**खबर संक्षेप**

## वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव गुलकनी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचाना कलां निवासी जसबीर अपनी रिश्तेदारी में गांव जलालपुरा आया हुआ था। जो गत दिवस शाम को गांव जलालपुरा कलां से कहीं चला गया। जो ना तो घर पहुंचा और ना ही गांव वापस लौटा।

## दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** चीका पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। वकील कॉलोनी चीका के शिवम शर्मा ने चीका पुलिस को देश का एक में आरोप लगाया है कि 22 मार्च को चोर उसकी दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे तथा वहां पर रखा हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 18000 रुपए बताई गई है। जांच अधिकारी चीका थाना पुलिस के इंस्पेक्टर बलवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उत्साह के साथ लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

# होली के रंग में रंगे कांग्रेस कार्यकर्ता गुलाल-फूलों के साथ मनाया जश्न

रंगों के साथ फूलों की भी होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस की ओर से रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन की अगुवाई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मॉडल टाउन में हुए इस समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सेदारी की। इस दौरान सभी ने रंगों के साथ फूलों की भी होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी।

समारोह में एडवोकेट निरंजन और ओमप्रकाश की रागिनी के जरिए जमकर वाहवाही लूटी। मंच संचालन कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र बजाज ने किया I



**अंबाला।** होली मिलन समारोह में तिलक लगाने के साथ पार्टी कार्यकर्ता पर फूल बरसाते जैन दंपत्ति।

वरिष्ठ नेत्री किरणबाला जैन ने कहा कि चारों तरफ डर का माहौल है। ऐसा लग ही नहीं रहा कि हम स्वतंत्र देश में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी एक डरा हुआ मरा हुआ लोकतंत्र स्थापित करना चाहती है। मीडिया समेत सभी संस्थाओं पर कब्ज़ा, पार्टियों को तोड़ना, कंपनियों से हफ्ता वसूली, मुख्य विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज़ करना असूरी शक्ति के लिए कम था, तो अब चुने हुए प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी भी आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि वो फिर दोबारा सत्ता में नहीं आने वाली। इसी डर से वो चुनाव के समय, विपक्ष के नेताओं को किसी भी तरह से जनता से दूर करना चाहती है।

### उत्साह के साथ लड़ेंगे चुनाव

युवा कांग्रेस के पूर्व प्रधान तरुण चुघ ने कहा कि रोहित जैन का परिवार हमेशा जनता से जुड़ा रहा और लोगों की आवाज हमेशा बुलंद करता रहा है। चुघ ने कहा की हम सब का दायित्व है की हम सब कुमारी सेल्जा के नेत्रत्व में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करें और कांग्रेस की नीतियां जन-जन तक पहुंचाएं! उन्होंने की कहा कि पहले उन्होंने कांग्रेस नेत्री किरण बाला जैन के साथ कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य किया और अब उनके पुत्र रोहित जैन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं! जिन्होंने अंबाला में कांग्रेस पार्टी को एक नई पहचान दिलाई है। रोहित जैन ने इस अवसर पर सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा की होली के त्योहार पर लोग आपस में एक दूसरे से मन मुटाव भूला कर सभी भेदभाव से ऊपर उठ कर इस उत्सव को मानते हैं और समाज को आपसी सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा की यह त्यौहार भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है जो असत्य पर सत्य की जीत का प्रतिक है। आज के समय में जरूरत इस बात की है की हम इस तरह के आयोजन कर सामाजिकता को और बढावा दें। उन्होंने कहा कि अंबाला मेरी जन्मभूमि व कर्मभूमि है। मैंने और मेरे परिवार ने हमेशा अंबाला के लोगों के बीच कार्य किया है और जो प्यार व सम्मान अंबाला के लोगों से मिला है मैं उसके लिए बहुत कृतज्ञ हूं। उन्होंने कहा कि नेता पार्टी बदल सकते हैं लेकिन कार्यकर्ता हमेशा पार्टी के साथ रहते हैं। उनकी मेहनत और पार्टी के प्रति समर्पण की भावना पार्टी को मजबूती प्रदान करती है। इसलिए यह कार्यक्रम होली के रंग अपनों के संग रखा गया है। जैन ने कहा आज का आयोजन होली मिलन समारोह ना होकर कार्यकर्ता सम्मान दिवस होना चाहिए। जैन ने अपनी धर्मपत्नी के साथ सभी कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को तिलक लगाया और उन पर पुष्प वर्षा की।



## रामलीला मैदान में होली से पहले हुई होलिका की पूजा

■ दिनभर कामनाएं करने वालों का लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

होली के पावन अवसर पर रविवार को रामलीला मैदान के साथ स्थानीय अहलुवालिया धर्मशाला के समक्ष सभी शहर वासियों ने परंपरागत तरीके व पूर्ण श्रद्धाभाव से होली पूजन किया। सभी ने अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामनाएं की। शाम के समय होलिका दहन भी किया गया। सुबह से ही होलिका दहन स्थान पर श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था जो कि शाम तक जारी रहा। अनेकों श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित यहां पर माथा टेक दुआयें मांगी। इस पर्व को बुराई पर अच्छाई और शक्ति पर भक्ति की विजय के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक पुराणों के अनुसार पुरातन काल में शक्तिशाली राजा हिरण्याकश्यप के पुत्र प्रह्लाद विष्णु भगवान का भक्त था। परंतु उसकी यह भक्ति उसके पिता जो कि स्वयंभू भगवान बना हुआ था को रास नहीं आ रही थी। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका जिसे कि आग में न जलने का वरदान मिला हुआ था को प्रह्लाद को समाप्त करने के लिए कहा। होलिका ने भक्त प्रह्लाद को अपनी गोद में बैठाया और अग्नि में बैठ गई। ज्योंहि अग्नि ज्वलित हुई त्योंहि भक्त प्रह्लाद तो विष्णु का जाप करते करते अग्नि से सुरक्षित बच गए परंतु होलिका इस अग्नि में जलकर भस्म हो गई। तभी से इस पर्व पर दिन में होली की पूजा और शाम के समय होलिका दहन किया जाता है।

## हर 'ड्रीम प्रोजेक्ट' में भ्रष्टाचार चिल्ला रहा है पर नेता चुप

■ कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने फिर बोला हमला, कहा 'ड्रीम-प्रोजेक्ट' तीन गुना समय और पैसा पी कर भी अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने रविवार को अंबाला छावनी के टांगरी बांध से लेकर राम बाग रोड पेट्रोल पंप तक से घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुवात की। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर व यादव समाज के प्रधान करण यादव भी साथ मौजूद रहे। सरवारा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की कथित 'विकास' में हो रहे देर और अंधेर पर प्रदेशीय भाजपा सरकार, संबंधित मंत्रालय-मंत्री व स्थानीय प्रशासन के सामने सवाल खड़े करे हैं। ऐसा कैसा विकास करवा रहे हैं आप जो निर्धारित समय सीमा और बजट के तीन गुना बढ़ने के बाद भी पूरा होने का नाम ही नहीं ले रहा। कुछ सपने- किसी के 'ड्रीम प्रोजेक्ट' के नाम पर कीमत जनता से लूटी जा रही है I उन्होंने कहा की प्रोजेक्ट में लागत दो से तीन गुना बढ़ी है पर धरातल पर कहीं काम कम है और कहीं माल कम है – ये इतना सारा सैकड़ों करोडों रुपया गया कहां? किसी को इसकी अब तक इसकी भनक भी नहीं हुई? जनता के दिमाग में अब सवाल है कि ये पैसा कहां-कहां गया? क्या इतनी बड़ी गोरख धांधली बिना सत्तापक्ष की सांझ के हो सकती थी? ये बातें विश्वास से परे हैं। उन्होंने कहा कि 1965 में बने अंबाला छावनी में बना वॉर हीरोज मैमोरियल स्टेडियम को बदलाव करने का काम 2017 में शुरू हुआ था।



**अंबाला।** हर घर अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात करती कांग्रेसी नेत्री चित्रा सरवारा।

## गोवा के महान शहीद की पत्नी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया

■ जिला युवा विकास संगठन की ओर से 118वें रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला युवा विकास संगठन द्वारा गोवा के महान शहीद स्वर्गीय करनैल सिंह इशरू की याद में 118वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक युवाओं ने रक्तदान करके संगठन की मुहिम (रक्त की कमी से जान न जाने देंगे) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोवा के महान शहीद स्वर्गीय करनैल सिंह इशरू की धर्मपत्नी स्वततंत्रा सेनानी और त्याग की मूर्ति माता चरणजीत कौर द्वारा रिबन काटकर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है। देश व समाज के हित के कार्यो के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। वीटा मिल्क प्लांट से मुख्य कार्यकारी अधिकारी सरबजीत सिंह द्वारा रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा गया रक्त किसी फैक्टरी में नही बनता व रक्त की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। इसे केवल दान करके ही किसी का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान से न केवल किसी की जिंदगी बचेगी बल्कि हमारे शरीर में भी नया खून बनता है। शरीर स्वस्थ रहता है। सरबजीत सिंह द्वारा रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया।



**अंबाला।** शहीद की पत्नी को संगठन की ओर से सम्मानित करते पदाधिकारी।

संगठन के प्रधान जगमोहन सिंह मच्छौंडा ने उपस्थित लोगों को संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है इसलियण हम सबको मिलजुल कर रक्तदान व अन्य सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहना चाहिए। संगठन राष्ट्र महासचिव परमजीत सिंह बड़ौला ने कहा कि जिला युवा विकास संगठन ने रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सार्थकता को सिद्ध किया है। इसके लिए संगठन बधाई का पात्र है।

संगठन अब तक 118 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन कर चुका है। संगठन द्वारा चलाई जा रही रक्तदान की मुहिम से प्रभावित होकर अन्य संस्थाएं भी संगठन का अनुकरण करते हुए इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 साल से अधिक हो साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है तथा जीवन बचाने का पुण्य प्राप्त कर सकता है। संगठन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय तिवारी ने बताया कि ज़िला युवा विकास संगठन 100 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन कर चुका है जोकि विशुद्ध रूप से ग्रामीण क्षेत्र में लगाए गए हैं।

संगठन सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि चरणजीत कौर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शिविर में मोहिंद्र सिंह की ओर से 5100 रुपये का आर्थिक सहयोग भी दिया गया। शिविर में अजय तिवारी ने 48वीं, भारतीय किसान यूनियन चढूनी ग्रुप से हल्का प्रधान जगवीर सिंह जग्गी 20वीं बार, चरणजीत सिंह ने 18वीं, करमजीत सिंह 12वीं, हरविंद्रर सिंह 5वीं, नीरज कश्यप 6वीं, प्रकाश सिंह ने 4वीं, सुखविंदर सिंह,जरनैल सिंह, हरप्रीत सिंह, संदीप कुमार, कमल, रवि आदि ने पहली बार रक्तदान किया।














